Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to include Jainsari caste of Kheri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh in the list of Scheduled Tribes -laid.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश के 23 गाँवों में जैनसारी जाति के लोग रहते हैं जिनको पूर्व में संविधान आदेश (यथा संशोधित) 1950 व संविधान अनुसूचित जन जाति उत्तर प्रदेश आदेश 196 (यथा संशोधित) अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया गया था लेकिन शिक्षा की कमी के कारण राजस्व अभिलेखों से इस जाति का नाम ही हटा दिया गया है चूंकि इनकी सामाजिक, शैक्षिक स्थिति व रहन-सहन, खानपान आदि अनुसूचित जनजाति से मिलता है परंतु अपने अधिकारों के प्रति जागरूक न हो पाने के कारण धीरे-धीरे यह जाति लुप्त होती जा रही है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के 23 गाँवों में रहने वाले जैनसारी जाति को लुप्त होने से बचाने के लिए उक्त जैनसारी जाति को अभिलेखों में अनुसूचित जनजाति के रूप में दर्ज करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें।